## संक्षिप्त समाचार

### सर्राफा की दुकान से चोरी के शक में दो महिलाएं पकड़ीं

**बाजपुर, एजेंसी।** नगर स्थित एक सर्राफ की दुकान से आभूषण चोरी के शक में लोगों ने दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बुधवार को नगर स्थित एक सर्राफ की दुकान पर दो महिलाएं पहुंचीं। उन्होंने आभूषण खरीदने की बात कही। इससे पहले भी दोनों महिलाएं एक ज्वैलर्स के पास गई थीं। संदेह होने पर उक्त ज्वैलर्स ने अपने अन्य सहयोगियों को सचेत कर दिया। साथ ही पुरानी वीडियो देखकर अपने ग्रुप में डाल दी जिस पर महिलाओं की पहचान हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों ने महिलाओं को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में सर्राफा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल कोतवाली में एसएसआई विनोद फर्त्याल से मिला। सर्राफ विकास गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में शहर के कई ज्वैलर्स शॉप से आभूषण चोरी हुए थे। सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई तस्वीरों से आरोपी महिलाओं को पहचान कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई की मांग की है। वहां विशेष जैन, विनय गर्ग, बिणु जैन, राजेश जैन, गोपाल वर्मा, अमर सिंह, प्रीति, मन्नी, अंकुश आदि मौजूद रहे।

### आज बन रहे हल्की बारिश के आसार

**पंतनगर, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग और जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह के अनुसार 19 अप्रैल को तराई में हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार जिले में आगामी सप्ताह अधिकतम 35 से 36 और न्यूनतम 17 से 18 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान उत्तर-पश्चिम-उत्तर, उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम-पश्चिम दिशा से हवा 12 से 18 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। 19 अप्रैल को कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि शेष दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग की ओर से 19 को अलग-अलग स्थानों पर बिजली/ओलावृष्टि और तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी आने के संबंध में यलो अलर्ट जारी किया गया है। वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार गेहूं की कटाई या खेती के अन्य कार्यों को निर्धारित किया जाना और उपज को खेत में खुला नहीं छोड़ना चाहिए।

### वरुण की अर्धशतकीय पारी से जीता मॉडर्न स्कूल

**देहरादून, एजेंसी।** कसिगा स्कूल में चल रहे छठे अखिल भारतीय पीसी बत्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच मॉडर्न स्कूल दिल्ली व एशियन स्कूल के बीच खेला गया। दूसरा मैच सेठ आनंदराम और सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया। पहला मैच वरुण शर्मा की अर्धशतकीय पारी के बदौलत मॉडर्न स्कूल ने जीता। जबकि दूसरा मैच अविराज की धारदार गेंदबाजी के दम पर सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल ने जीता। दोनों खिलाड़ियों को मैच ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। मॉडर्न स्कूल ने पहले खेलते हुए तीन विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 182 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एशियन स्कूल की टीम आठ विकेट खोकर सिर्फ 113 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में सेठ आनंदराम स्कूल की टीम 17.2 ओवर में 60 रन के स्कोर पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेलाकुई इंटरनेशनल की टीम ने 4.4 ओवर में ही 61 रन बना छह विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

### अब जम्मू के लिए भी दून में छपने लगे बैलेट पेपर

**देहरादून, एजेंसी।** लोकतंत्र के महापर्व में हर व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष तैयारियां की हैं। दृष्टि दिव्यांग मतदाताओं के लिए राजधानी दून में बैलेट पेपर तैयार किए गए हैं। अभी तक यहां उत्तराखंड के अलावा देश के पांच अन्य राज्यों के मतदाताओं के लिए ब्रेल बैलेट की छपाई हो रही थी, लेकिन अब जम्मू के लिए भी यहीं से बैलेट पेपर की छपाई की जा रही है।

शुक्रवार उत्तराखंड समेत देश के 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पहले चरण का मतदान होना हैं। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में दृष्टि दिव्यांग भी अपनी भागीदारी निभा सकें, इसके लिए राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) की केंद्रीय ब्रेल प्रेस में ब्रेल लिपि में बैलेट पेपर की छपाई की जा रही है। यहां उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और बिहार के साथ अब जम्मू के दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी बैलेट पेपर छापे जा रहे हैं।

केंद्रीय ब्रेल प्रेस के इंचार्ज मो. इक्तेदार अहमद ने बताया, अभी तक इन सभी राज्यों की 30 सीटों के लिए 77,500 बैलेट पेपर छापे जा चुके हैं। इनमें से 2,700 बैलेट पेपर जम्मू के लिए छापे गए हैं। जबकि, 108 सीटों के लिए बैलेट पेपर की छपाई का काम चालू है। पेपर छपाई के लिए संस्थान के करीब 40 कर्मी तैनात किए गए हैं।

# सुहाना मौसम : मतदाताओं को गर्मी से मिली राहत



**देहरादून, एजेंसी।** 19 अप्रैल को प्रदेश भर के सभी जिलों में बादल छाए रहने और झोंकेदार हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

आज उत्तराखंड का मौसम सुहाना रहने वाला है। मतदान करने वालों को राहत रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से सभी जिलों में तेज हवाएं चलने के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरकाशी, चमोली, देहरादून, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, हरिद्वार, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर में तेज गर्जन के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 19 अप्रैल को प्रदेश भर के सभी जिलों में बादल छाए रहने और झोंकेदार हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। देहरादून जिले के तापमान की बात करें तो यहां अधिकतम तापमान 33 और न्यूननतम तापमाप 20 डिग्री रहने के आसार हैं। जबकि 20 अप्रैल से प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

# देवभूमि में हुई आचार्य प्रमोद कृष्णम के बेटे की शादी, प्रधानमंत्री ने दी बधाई



**रामनगर, एजेंसी।** कल्कि धाम के पीठाधीश आचार्य प्रमोद कृष्णम के पुत्र की शादी सांवल्दे स्थित एक रिसार्ट में हुई। शादी में लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री समेत कई वीआईपी पहुंचे।

गाजियाबाद निवासी कल्कि धाम के पीठाधीश आचार्य प्रमोद कृष्णम के पुत्र सार्थक के विवाह की रस्में सांवल्दे स्थित एक रिसॉर्ट में हुई। सार्थक की शादी आगरा की शुभी के साथ हुई है। दोनों परिवार शादी के लिए देवभूमि पहुंचे।

शादी में वीआईपी व राजघराने के भी लोग पहुंचे। हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश व उपज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी ने भी विवाह समारोह में पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद दिया। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर-वधु के लिए बधाई संदेश भेजा है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट की जिसमें प्रधानमंत्री की ओर से बधाई पत्र को साझा किया गया। पीएम मोदी की ओर से आचार्य प्रमोद कृष्णम के पुत्र को शादी की बधाई दी गई। वहीं आचार्य ने पीएम का शुक्रिया अदा किया है।

## पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

**देहरादून, एजेंसी।** राजस्व पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उभरेऊ गांव निवासी रीना (38) पत्नी घेमू का शव परिजनों को सौंप दिया। बीते मंगलवार को महिला का शव गांव से कुछ दूरी पर बागी खेड़े में पेड़ से लटका मिला था। महिला सुबह घर से घास लेने के लिए निकली थी। राजस्व पुलिस निरीक्षक मोतीलाल जिनाटा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पॉक्सो के आरोपी प्रोफेसर दोषमुक्त, तीन साल बाद आया फैसला

**हल्द्वानी, एजेंसी।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ के प्रोफेसर जीके गौतम को कोर्ट ने पॉक्सो के मामले में दोषमुक्त करार दिया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह की कोर्ट ने प्रोफेसर पर लगे आरोप साबित न होने और साक्ष्यों के आधार पर दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया। वहीं पुलिस के दो विवेचकों की जांच पर भी टिप्पणी की है।

अधिवक्ता राजन मेहरा ने बताया कि प्राध्यापक जीके गौतम के खिलाफ एक छात्रा के पिता ने 24 सितंबर 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्राध्यापक उनकी बेटी को फोन कर अश्लील बात करते हैं। साथ ही उन्होंने छात्रा को घर पर भी बुलाया था। मामले में 23 नवंबर 2021 को पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जब सुनवाई शुरू हुई तो पता चला कि प्राध्यापक पर लगे आरोप झूठे थे। असल में कॉलेज में प्रयोगात्मक फाइल जमा करनी थी लेकिन छात्रा की ओर से नहीं की गई।

वहीं कोर्ट ने मामले में जांच करने वाली दो महिला दरोगाओं की कार्रवाई पर भी टिप्पणी की। इस तरह के झूठे आरोपों को समाज के लिए घातक भी बताया। प्राध्यापक की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन मेहरा ने आठ गवाह पेश किए। फोन की रिकॉर्डिंग में कोई अश्लील बात नहीं पाई गई। सबूत और बयानों के

## पुआल के ढेर, झोपड़ी और जंगल में लगी आग

**देहरादून, एजेंसी।** रामगढ़, सुद्धोवाला जंगल, बाढ़वाल और सहसपुर के जंगलात रोड पर कच्चे घर में आग लगने से खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

शादी समारोह के दौरान हुई आतिशबाजी से रामगढ़ निवासी हुसैन अली के घर के समीप रखी पुआल की ढेर में आग लग गई। अग्निशमन केंद्र सेलाकुई के प्रभारी ईशम सिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर 12ः31 बजे आग लगने की सूचना मिली। जिस पर दो दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। करीब दो घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुआल में लगी आग बुझाई जा सकी।

वहीं, शाम करीब 4ः10 बजे दून-पांवटा हाईवे किनारे स्थित सुद्धोवाला जंगल में भी आग भड़क गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया।

उधर, बाढ़वाला में जमुना पुल के निकट वन गुर्जरों की बस्ती के पास रखे पुआल के ढेर में आग लग गई। आग की चपेट में एक झोपड़ी भी आ गई। जिसमें रखा घरेलू सामान और बिस्तर जल गए। अग्निशमन अधिकारी डाकपत्थर पीएस नेगी ने बताया कि आग गुलाम नवी, सुल्तान, धुंबन, लियाकत, यूसुफ, बशीर के पुआल के ढेर में लगी। तेज हवा चलने से आग तेजी से भड़की। दमकल कर्मियों ने दमकल वाहन से पंपिंग कर आग पर काबू पाया।

सहसपुर ग्राम सभा के वार्ड-5 स्थित जंगलात रोड पर कच्चे घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा सारा सामान जल गया। जानकारी के अनुसार जंगलात रोड पर जफर अली का कच्चा घर है। जिसमें शाम को अचानक आग लग गई। छप्पर घासफूस की बनी होने के कारण आग तेजी से फैली। कुछ ही देर में घर और उसमें रखा सामान जल गया। अग्निशमन केंद्र सेलाकुई प्रभारी ईशम सिंह ने बताया कि शाम 5ः17 बजे आग लगाने की सूचना मिली थी। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग बुझा दी थी।

# कॉन्स्ट्रक्शन में इस्तेमाल हो रहा पेयजल, एसटीपी का पानी नदी में छोड़ रहे



**देहरादून, एजेंसी।** शहर के कई इलाके हैं जहां पीने के लिए पानी नहीं पहुंच रहा है। जिस पेयजल से लोगों की प्यास बुझ सकती है उसे पेड़ों की सिंचाई, कॉन्स्ट्रक्शन, सड़क बनाने और सड़क पर छिड़काव करने में लगाया जा रहा है। इन कार्यों के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का पानी उपयोग में लाया जा सकता है। जबकि, शहर के एसटीपी में पानी ट्रीट करने के बाद बिंदाल और रिस्पना नदी में छोड़ा जा रहा है। इसका कारण बताया गया कि एसटीपी का पानी ले जाने के लिए विभागों के पास अलग से टैंकर ही नहीं हैं।

बता दें कि नगर निगम, एमडीडीए और पीडब्ल्यूडी और फायर ब्रिगेड को जब पानी की जरूरत होती है तो तीनों ही संस्थान पेयजल के टैंकर भरवाकर पानी इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए इनके पास कई टैंकर उपलब्ध हैं। वहीं, अगर एसटीपी के पानी का उपयोग करना हो तो इनके पास अलग से कोई टैंकर नहीं है। तीनों संस्थान अपने कार्यों के लिए एसटीपी के पानी के बजाय पेयजल ही उपयोग करते हैं। जबकि, पेयजल बचाकर बढ़ती गर्मी के बीच कई मोहल्लों की प्यास बुझाई जा सकती है।

शहरवासी जल संस्थान को पेयजल बर्बाद करने को लेकर कोस रहे हैं। लोगों का कहना है कि पानी की कमी की वजह से नए कॉमर्शियल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। जल संस्थान कह रहा है कि पीने के पानी को किचन, गार्डन में, गाड़ी धोने में न करें। इसके उलट जल संस्थान खुद ही एमडीडीए के साथ मिलकर पेयजल को सड़कों व चौराहों पर लगाए गए पौधों की सिंचाई में इस्तेमाल कर रहा है।

कारगी जोन स्थित 68 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) एसटीपी के इंचार्ज एमएस भट्ट ने बताया कि यहां पर रोजाना 20 एमएलडी पानी ट्रीट किया जाता है। ट्रीट पानी को बिंदाल नदी में बहा दिया जाता है। वैसे इस पानी का उपयोग पेड़ों की सिंचाई, कॉन्स्ट्रक्शन, सड़क बनाने आदि में किया जा सकता है। यहां पर पानी लेने के लिए नगर निगम या एमडीडीए नहीं आता है। फायर ब्रिगेड भी इस पानी का इस्तेमाल नहीं करता।

एमएस भट्ट ने बताया कि यह एसटीपी 2015 में बनाया गया था। इस एसटीपी से कारगी, ब्राह्मणवाला, पटेलनगर, जीएमएस रोड, आईएसबीटी की सीवर लाइनों को जोड़ा गया है। यह एसटीपी उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवेलपमेंट इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम (यूयूएसडीआईपी) की ओर से बनाया गया है लेकिन इसके मेंटेनेंस का कार्य उत्तराखंड जल संस्थान करता है। मोथरोवाला में भी दो एसटीपी बने हैं। इनकी क्षमता 20 एमएलडी है। इन दोनों का पानी रिस्पना नदी में छोड़ा जा रहा है। यहां के शुद्ध होने वाले पानी को भी उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। लोगों के मन में यह शंका होती है कि एसटीपी का पानी उपयोग के लिए ठीक नहीं है क्योंकि यह सीवर का पानी ही ट्रीट किया जाता है। इंचार्ज ने बताया कि एसटीपी में पानी ट्रीट होकर शुद्ध हो जाता है जिसका विभिन्न कार्यों में इसका उपयोग किया जा सकता है। उत्तराखंड जल संस्थान के महाप्रबंधक डीके सिंह ने बताया कि एसटीपी का पानी इस्तेमाल करने के लिए रॉ वाटर टैंकर होते हैं। हालांकि, ये टैंकर विभाग के पास नहीं हैं। इस संबंध में बात की जाएगी कि पेयजल की जगह पर एसटीपी का पानी इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए प्लान तैयार किया जाएगा।

# स्वारीगाड़ में बनेगा 85 मीटर लंबा डबल लेन स्टील गार्डर पुल



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** गंगोत्री हाईवे पर स्वारीगाड़ पर पुल निर्माण के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय केंद्र सरकार की ओर से बीआरओ को अनुमति मिल गई है। बीआरओ जल्द ही 85 मीटर लंबे स्पान के पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर देगा। 2013 की आपदा में गंगोत्री हाईवे पर स्वारीगाड के ऊपर बना पुल बह गया है। उसके बाद बीआरओ ने वहां पर आवाजाही को सुचारू करने के लिए वैलीब्रिज का निर्माण किया। निर्माण के दौरान बीआरओ के एक कैप्टन की पुल के स्टील के नीचे आने से मौत हो गई थी, जिनका वहां पर स्मारक भी बनाया गया है। आपदा के 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहां पर पक्के पुल का निर्माण नहीं हो पाया। स्वारीगाड़ में पक्के पुल के निर्माण के लिए बीआरओ ने प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजा, जहां से बीआरओ को पुल निर्माण की अनुमति मिल गई है। बीआरओ ने स्वारीगाड़ में 85 मीटर लंबे स्पान के डबल लेन स्टील गार्डर पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बीआरओ के कमांडर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि स्वारीगाड़ में पुल निर्माण के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति मिल गई है। जल्द ही पुल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## अनियमित दिनचर्या, मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज से लिवर हो रहा फैटी

**देहरादून, एजेंसी।** अनियमित दिनचर्या, गलत खानपान, मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज से लोगों का लिवर फैटी हो रहा है। शारीरिक गतिविधियों की कमी और शराब का अधिक सेवन भी लिवर खराब होने का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि, शुरुआती अवस्था में दवाओं के बिना भी फैटी लिवर ठीक हो सकता है।

दून मेडिकल कॉलेज, अस्पताल के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंकुर पांडेय ने बताया कि फैटी लिवर दो तरह का होता है। एक नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर और दूसरा अल्कोहलिक फैटी लिवर। कुछ लोग शराब का सेवन नहीं करते, लेकिन इन्हें मोटापा, डायबिटीज, अनियमित दिनचर्या-खानपान आदि की वजह से लिवर फैटी हो जाता है। डॉ. अंकुर ने बताया कि लिवर खराब होने पर लिवर सिकुड़ने लगता है। ऐसे में खाना पचाना मुश्किल हो जाता है। लिवर का काम खाना पचाने के साथ ही दवाओं को भी पचाना होता है। जब लिवर फैटी हो जाता है तो दवाओं को पचाना भी मुश्किल होता है।

दून अस्पताल की इमरजेंसी मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं इंचार्ज डॉ. एनएस बिष्ट ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी और सी में लिवर खराब होने का खतरा होता है। हेपेटाइटिस बी में लिवर खराब होता है, जबकि हेपेटाइटिस सी में लिवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। हेपेटाइटिस सी होने के बाद ठीक भी हो जाता है, लेकिन हेपेटाइटिस बी की दवा जिंदगी भर खानी पड़ती है। ऐसे में समय पर इलाज जरूरी है। हेपेटाइटिस की समस्या सेक्सुअल ट्रांसमिशन से, उपयोग की हुई सिरिंज के इस्तेमाल और मां से बच्चे को हो सकती है।

डॉ. अंकुर पांडेय ने बताया कि फैटी लिवर में भी ग्रेड वन, टू और थ्री स्टेज होती हैं। ग्रेड वन में इलाज और खानपान का बेहतर ध्यान रखने पर ठीक होने की संभावना होती है। इसमें सुबह शाम वॉक, वसायुक्त खाद्य पदार्थों से दूरी बनाना, शराब का सेवन बंद कर देने पर व्यक्ति ठीक हो जाता है। हालांकि, ग्रेड टू और थ्री में फैटी लिवर शरीर के लिए घातक हो जाता है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति की जीवन शैली संतुलित नहीं है तो उसे मेटाबॉलिक सिंड्रोम हो सकता है। इसमें शरीर का वजन बढ़ना, ब्लड प्रेशर बढ़ना, लिवर फैटी होना, टाइप-2 डायबिटीज होना शामिल होता है।

डॉ. अंकुर ने बताया कि लिवर की समस्या से बचाव के लिए इलाज के तीन चरण हैं। पहला चरण जीवन शैली बेहतर रखना, दूसरा खानपान बेहतर रखें।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

## दिल्ली : अमानतुल्ला खान के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उनके घर पहुंचे आप नेता

- अधिकारियों ने बताया कि खान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए।



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेता बृहस्पतिवार की रात पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान के घर पहुंचे और दावा किया कि उन्हें धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया हैं। हालांकि एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि उन्हें हिरासत में लिया गया है, गिरफ्तार नहीं किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन से जुड़े मामले में 13 घंटे की पूछताछ के बाद खान को कार्यालय से जाने की अनुमति दी गई थी। ईडी कार्यालय से निकलने के बाद खान ने पीटीआई वीडियो से कहा, मैं सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए आया था। तब से पूछताछ चल रही थी। अब अनुमति मिलने पर घर जा रहा हूं।

खान ने खुद की गिरफ्तारी की खबर को अफवाह बताया। इससे पहले आप नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि खान को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है। आप सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के अन्य नेता ओखला स्थित खान के घर पहुंचे और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की। आतिशी ने कहा, हमें खबर मिल रही है कि आप विधायक अमानतुल्ला खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। खान के घर के बाहर पत्रकारों से आतिशी ने कहा, यह लोकसभा चुनाव से पहले आप पर हमला है। (अरविंद) केजरीवाल को चुनाव से पहले क्यों गिरफ्तार किया गया? गैर-जमानती वारंट रद्द होने के बाद अमानतुल्ला खान को क्यों गिरफ्तार किया गया है? यह एक साजिश है। आप के विधायकों को डराकर तोड़ दो, लेकिन हम नहीं डरेंगे। अधिकारियों ने बताया कि खान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुईं कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से पिछले सप्ताह इनकार कर दिया था, जिसके बाद अब उनसे यह पूछताछ हुई है। शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। खान के खिलाफ धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है।

ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया था कि वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती हुई और खान की अध्यक्षता (2018-2022) के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर अवैध तरीके से लाभ अर्जित किया गया।

## जहांगीरपुरी में सरेआम एक युवक पर हमला, चलाई गोली

- लड़के को नजदीकी अस्पताल में कराया भर्ती
- हालत बिगड़ता देख एलएनजेपी अस्पताल में किया रेफर
- डीसीपी खुद घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी थाना इलाके में आपराधिक वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है। मामूली सी बात पर यहां चाकू बाजी और गोली चलना तो आम बात हो चुकी है। ताजा मामला जहांगीरपुरी थाना इलाके के सी ब्लॉक सब्जी मंडी से सामने आया है। जहां कल शाम के वक्त भीड़भाड़ वाले इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। बताया जा रहा है, इस हमले में युवक को गोली लगी है। जानकारी के मुताबिक आर्यन नाम का 19 वर्षीय युवक जो की घटना स्थल के पास ही रहता है वह सब्जी मंडी के पास किसी काम से गया था। तभी उस पर दो लोगों ने हमला कर दिया और गोली चला दी। भीड़भाड़ वाली जगह पर हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। गोली पीड़ित के गर्दन के पास लगी है। आनन फानन में घायल हालत में युवक को नजदीकी बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत बिगड़ता देख डॉक्टरों ने इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में घायल को रेफर कर दिया।

इस हमले के पीछे का क्या मकसद था हमलावरों ने युवक पर गोली क्यों चलाई, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है। हालांकि शुरूआती जांच में पूरे मामले को आपसी झगड़े से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन पुलिस कई अलग पहलुओं से भी जांच करते हुए इलाके के लोगों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के माने तो आर्यन नाम का युवक किसी अपराधिक मामले में गवाह था। आरोपियों द्वारा उस पर गवाही बदलने का दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन उसने आरोपियों की बात नहीं मानी जिसके चलते युवक पर हमला किया गया। अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के डीसीपी जितेंद्र कुमार मीणा खुद मौके पर पहुंचे थे और पूरे घटनास्थल का जायजा लिया। इसी के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के साथ उन्होंने भी इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना के लिए पैदल मार्च किया। जिससे लोगों में पुलिस का खौफ बना रहे फिलहाल पुलिस कई अलग-अलग पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## हौजकाजी मामले में था वांटेड, शास्त्री पार्क से दबोचा

संवाददाता



हौजकाजी थाना की पुलिस टीम ने चीटिंग के मामले में वांटेड एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान दिलावर हुसैन के रूप में हुई है। यह बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क दिल्ली का रहने वाला है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि तीस हजारी कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित किया था। इसके बारे में पता लगाने के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। एएसआई संजीव और सुनील की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसका पता लगाना शुरू किया।पता चला कि वह अपने एड्रेस पर नहीं रह रहा है। पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल लिया है। उसके बाद पुलिस टीम इसका पता लगाती रही और आखिरकार इसे शास्त्री पार्क इलाके से पकड़ा। कोर्ट में पेश करने के बाद इसे जेल भेज दिया गया।

## मास्टर चाभी से पलक झपकते खोल लेते स्कूटी - बाईक

- तीन ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार 14 बाइक स्कूटी बरामद
- बाइक स्कूटी को खोलने वाला मास्टर चाभी भी बरामद
- दो ऑटो लिफ्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- नॉर्थ ईस्ट के एएटीएस की टीम ने किया खुलासा



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने मास्टर चाभी से स्कूटी और मोटरसाइकिल को आसानी से खोलकर उसे चोरी करने वाले दो शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 14 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। साथ ही चार मास्टर चाबी भी जब्त की गई है। जिससे यह पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल या स्कूटी को आसानी से चोरी करके फरार हो जाते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी पहले से कई मामलों में शामिल रहे हैं। जिसमें हत्या के प्रयास, लूट, स्नैचिंग, चोरी आर्म्स एक्ट और एक्साइज के शामिल हैं। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट डॉक्टर जॉय तिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिद्धांत उर्फ सिद्धू, विजय उर्फ विक्की के रूप में हुई है। यह दोनों ही मंडोली और करावल नगर के रहने वाले हैं। जबकि इसके तीसरे साथी की पहचान शुभम के रूप में हुई है, यह भी करावल नगर के शिव विहार का रहने वाला है।

कुल 11 मोटरसाइकिल और तीन स्कूटी इनसे बरामद की गई है। जो दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग थाना इलाकों से इन्होंने चुराया था। इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की देखरेख में पुलिस टीम ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है। इनकी गिरफ्तारी से कई मामलों का पुलिस ने खुलासा भी कर लिया है और आगे की छानबीन की जा रही है।

## कार का शीशा तोड़कर दो लैपटॉप उड़ाए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

तपेश जायसवाल 18 अप्रैल को अपने दोस्त सुमित दुबे के साथ जिला अस्पताल में अमरनाथ जाने के लिए मेडिकल चेकअप कराने आए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी की थी। वह वापस आए तो उनकी कार का शीशा टूटा था। कार में रखे दो लैपटॉप, चार्जर, पर्स, आधार, पेन, क्रेडिट कार्ड और चार हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है।

## साउथ दिल्ली में बैक टू बैक वारदात करके उड़ाई थी नींद



- स्पोर्ट्स बाइक चुराकर दे रहे थे वारदात को अंजाम

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने दो शातिर स्नेचर को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने बैक टू बैक वारदात को अंजाम देकर साउथ दिल्ली में सनसनी फैला दी थी। उनके पास से पुलिस ने आधा दर्जन मोबाइल और चोरी के दो स्पोर्ट्स बाइक भी बरामद किया है। उनकी गिरफ्तारी से साउथ दिल्ली के मैदान गढ़ी, मालवीय नगर, साकेत, लोधी कॉलोनी आदि थाना इलाकों के आठ मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान वसीम और फैजल के रूप में हुई है। यह सीलमपुर के रहने वाले हैं। जिनसे से वासिम पहले से 15 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इन्हें एसआई दीपक यादव, एएसआई संजय की टीम ने गिरफ्तार किया है। जब लगातार हुई स्नेचिंग की वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की गई और लगभग 25 किलोमीटर के रूट को पुलिस ने चेक किया। फिर इस छानबीन की मदद से इसके बारे में पता लगाने में पुलिस टीम कामयाब हुई। जब हेड कांस्टेबल मनीष कुमार को पता चला कि साकेत में स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला खोखा मार्केट के पास आने वाला है। ट्रैप लगाकर इनको पकड़ा और उनके पास से तलाशी में 6 मोबाइल बरामद किए गए। बाद में पूछताछ हुई तो उनकी पहचान वसीम और फैजल के रूप में हुई। जिस बाइक से यह लोग भाग रहे थे, वह हंटर मोटरसाइकिल मालवीय नगर थाना से चुराई गई थी। जो 6 मोबाइल बरामद किए गए वह भी साउथ डिस्ट्रिक्ट इलाके से छीने गए थे। इनकी निशानदेही पर एक और बाइक बरामद की गई जो भजनपुरा इलाके से इन्होंने चुराया था। इन्होंने मोटरसाइकिल चोरी करके लगातार बैक टू बैक स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पता चला कि वसीम हाल में ही जेल से बेल पर छूटकर बाहर आया था और फैजल दिसंबर के लास्ट सप्ताह में बाहर आया था। इन लोगों ने फिर से वारदात को अंजाम देने के लिए शुरूआत कर दी थी।

## केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश, जेल में कुछ भी हो सकता है : संजय सिंह



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी का यह आरोप फिर से दोहराया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है और जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तंत्र किसी की हत्या करने के स्तर तक गिर सकता है। संजय सिंह के आरोपों पर भाजपा ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल की बीमारी का मजाक उड़ाने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया, यदि जेल के नियमों के अनुसार किसी कैदी की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां साझा करने की इजाजत नहीं होती है तो ईडी ने बृहस्पतिवार को मीडिया में केजरीवाल का फर्जी आहार चार्ट क्यों साझा किया?

संजय सिंह के आरोप पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि केजरीवाल न तो टूटेंगे और न ही झुकेंगे।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को यह आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में घर के बने भोजन और इंसुलिन से वंचित कर मारने की साजिश रची जा रही है, लेकिन जेल अधिकारियों ने उनके इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

ईडी द्वारा एक अदालत के समक्ष यह दावा किए जाने के कुछ घंटों बाद आतिशी ने ये आरोप लगाए हैं। निदेशालय ने कहा था कि केजरीवाल मेडिकल जमानत या अस्पताल में स्थानांतरित होने के लिए मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम, केले और मिठाई जैसे ज्यादा चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं।

## राजस्थान पुलिस का बेवसाइट ही कर लिया था हैक

### दिल्ली क्राइम ब्रांच के नई दिल्ली रेंज ने मास्टरमाइंड दबोचा



दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच की टीम ने एक ऐसे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने राजस्थान पुलिस की वेबसाइट को ही हैक कर लिया था और उसके बाद ठगी की वारदात करनी शुरू कर दी थी। आरोपी सौरभ साहू पर राजस्थान पुलिस ने 50,000 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था। दिल्ली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने के बाद उसको जयपुर के साइबर क्राइम पुलिस के हवाले कर दिया गया है। डीसीपी क्राइम अमित गोयल ने बताया कि 6 मार्च को शोएब शरीफ खान ने राजस्थान पुलिस में शिकायत दी थी। जिसमें पीड़ित के द्वारा बताया गया था कि उसका बैंक अकाउंट राजस्थान पुलिस की ऑफिशल वेबसाइट से भेजे गए मेल के बाद फ्रीज कर दिया गया था। जिसे वापस चालू करवाने की एवरेज में हजारों रुपए लिए गए। मामले की जांच हुई तो पता चला कि पुलिस की ऑफिशल वेबसाइट से कई लोगों को फर्जी मेल किए गए थे।

हैकिंग के बारे में पता किया तो पता चला कि सिंगापुर की वीपीएन से एक्सेस लिया गया था। जयपुर साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। लेकिन मुख्य आरोपी सौरभ साहू उनके हाथ नहीं लगा। जिसके चलते पुलिस ने उसपर राजाथन पुलिस 50,000 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। साहू के बारे में राजस्थान पुलिस ने क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज को बताया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी साहू के रिश्तेदारों और दोस्तों पर नजर रखी, जिससे कामयाबी मिली। टीम को पता चला की यह गुरुवार को अपने पुराने दोस्तों से मिलने महिपालपुर में आएगा। उस सूचना के आधार पर एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने रेड की और आरोपी को दबोच लिया। पता चला की साहू को पहले भी दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद में गिरफ्तार किया जा चुका था।

## मनोज तिवारी की जीत का अंतराल होगा पहले से भी ज्यादा : विनोद जायस

### जीत का मार्जिन होगा 5 लाख से पार



नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज तिवारी इस बार भी जीतेंगे और जीत की हैट्रिक बनाएंगे। यह कहना है उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते है अपने एक दशक के कार्यकाल में मनोज तिवारी ने जो वादे अपने संसदीय क्षेत्र के लोगो से किये थे, उन्होंने वे सब पूरे किये हैं। विनोद जायस कहते हैं पांच लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे मनोज तिवारी, उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी समीकरण पर बात करते हुए विनोद जायस ने कहा कि उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार की छवि जनता के आगे खराब है वही दूसरी तरफ उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी दो बार सांसद रहे मनोज तिवारी की छवि जनता के सामने बहुत अच्छी है और इसके कई कारण भी है। विनोद जायस ने बताया की मनोज तिवारी ने दस वर्षों में पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुत ही बढ़िया काम किया है, वह क्षेत्र की जनता के बीच रहते भी है, जिन लोगों को ऐसा लगता था की मनोज तिवारी अपने भोजपुरी स्टार के दर्जे से नीचे न आ कर लोगों से नहीं मिलेंगे मनोज तिवारी ने उन सभी अटकलों को गलत साबित करते हुए यह दिखा दिया की वह एक नेता और अभिनेता दोनों ही भूमिकाओं को बखूबी से निभा सकते है। विनोद जायस कहते है जिस दिन से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी कन्हैया कुमार को घोषित किया है भाजपा खेमे में अपार खुशी है कन्हैया के साथ उनकी अपनी पार्टी के लोग ही नहीं जुट पा रहे। आलम यह है एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद कन्हैया कुमार अभी तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में आ नहीं सके है इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है जो व्यक्ति अभी तक चुनावी रण में ही नहीं उतर सके हैं वे आगे क्या कर पायेगें। विनोद जायस कहते है मनोज तिवारी तीन तीन बार अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगो से मिल चुके है जहां उन्हें जनता का अपार ज्न्समर्थं मिलता दिख रहा है। विनोद जायस कहते है ना केवल मनोज तिवारी अपितु दिल्ली की सभी सातों सीटें भाजपा जीतने जा रही है और भाजपा इस बार प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेत्रत्व में चार सौ से अधिक सीटें जीतने जा रही है।

## भाजपा ने ऑटो पर स्टीकर लगाने का चलाया अभियान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी गीता कॉलोनी मण्डल अध्यक्ष कमल बुद्धिराजा और शाहदरा जिला ऑटो ई रिक्शा प्रकोष्ठ संयोजक श्याम भोला, भाजपा जिला प्रवक्ता भारत गौड़, प्रभारी ई रिक्शा सुंदर चौधरी, विधानसभा प्रत्याशी एवं शक्ति केन्द्र वक्ता डॉ. अनिल गोयल, आजाद नगर मण्डल अध्यक्ष हर्ष सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा नगर रणबीर सिंह हैप्पी, सुदर्शन सिडाना, तुषार बुधीराजा आदि सहित 50 से ज्यादा ई रिक्शा वाले ने स्वेच्छा से भाजपा की टोपी, पटका और इस ऑटो में सवार मोदी जी का परिवार के स्टिकर लगवाए। ऑटो रिक्शा वालों ने बताया कि पीएम मोदी ही भारत माता के सच्चे सुपुत्र हैं और वह एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटा हैं और गरीबों की सभी सम्मायाएं जानते हैं और उनकी गारंटी पर हमें पूरा विश्वास हैं।

## वक्फ बोर्ड मामला : आप विधायक अमानतुल्ला खान से ईडी ने करीब 13 घंटे तक पूछताछ की

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान से प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को करीब 13 घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पूछताछ खान की अध्यक्षता में दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में की गई।

वह पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे और आधी रात के बाद बाहर निकले। ईडी के सूत्रों ने बताया कि उन्हें 13 घंटे की पूछताछ के बाद घर जाने दिया गया है और अगले सप्ताह फिर पेश होने को कहा गया है।

ईडी कार्यालय में प्रवेश करने से पहले उन्होंने पत्रकारों के सामने दावा किया कि जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने नियमों का पालन किया और कानूनी राय लेने के बाद और 2013 में आए नए अधिनियम (बोर्ड के लिए) के अनुसार कार्य किया। इस बीच, आप सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और पार्टी के अन्य नेताओं ने खान के ओखला स्थित आवास जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की।

इससे पहले आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि उन्हें खान की गिरफ्तारी की खबर मिल रही है। उन्होंने कहा कि खान के खिलाफ फर्जी मामला है।

आतिशी ने कहा, हमें खबर मिल रही है कि आप के विधायक अमानतुल्लाह खान जी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आप नेता जसमीन शाह ने दावा किया कि खान को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, ह्यह्नआप विधायक अमानतुल्लाह खान की फर्जी मामले में गिरफ्तारी भाजपा और उसकी पालतू एजेंसियों के लिए एक और गिरावट है। देश और अदालतें कब तक देखती रहेंगी? भाजपा हर दिन आप को खत्म करने के सपने के साथ उठती है, लेकिन एक भी नेता नहीं झुका। लड़ेंगे, जीतेंगे!

उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल के अपने आदेश में खान को कोई राहत देने से इनकार कर दिया था और विधायक द्वारा ईडी के समन में शामिल न होने पर नाराजगी जताई थी, जिसके बाद ओखला से विधायक खान एजेंसी के समक्ष उपस्थित हुए हैं।

शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। खान के खिलाफ धनशोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है।

ईडी ने दावा किया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के माध्यम से बड़ी रकम नकद में अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए उस रकम का निवेश किया। खान के परिसरों पर ईडी की छापेमारी भी हो चुकी है।

ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया था कि वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती हुई और खान की अध्यक्षता (2018-2022) के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर खान ने अवैध तरीके से लाभ कमाया।

ईडी ने कहा कि खान ने उक्त आपराधिक गतिविधियों से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और इस नकद राशि को अपने सहयोगियों के नाम पर दिल्ली में विभिन्न अचल संपत्तियों की खरीद में निवेश किया। इसमें कहा गया था कि छापे के दौरान कई अपराधिक सामग्री जब्त की गई, जो धनशोधन के मामले में खान की भूमिका का संकेत देती है।

## पंजाब में सभी राष्ट्रवादी देशभक्त, इस बार श्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेंगे - गोयल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पंजाब में सुनाम उद्यम सिंह वाला में वरिष्ठ भाजपा नेता व अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट श्री जयभगवान गोयल ने सुनाम में स्थित प्रेस क्लब में आदरणीय मोदी जी के भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर प्रेसवार्ता की और भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की ओर सभी उपस्थित सुनाम निवासी व प्रेस से आए विभिन्न महानुभवों को अवगत कराया। देश भर के व्यापारियों द्वारा, 2023-2024 में जमा किए गए 20 लाख करोड़ जीएसटी पर विशेष प्रकाश डाला कि किस तरह से हर क्षेत्र में व्यापार अपनी चरम सीमा को प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो रहा है, तभी तो इतना जीएसटी सरकार को प्राप्त हो रहा है जिसके उत्तम प्रयोग से ही देश में बड़ी-बड़ी योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। पंजाब के शहर अमृतसर के ही समीप करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण कर, मोदी जी ने संपूर्ण पंजाबियों के दिल में जगह बना ली है। इतना ही नहीं 26 दिसंबर को बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत को समर्पित करते हुए उसे वीर बाल दिवस घोषित करके उन्होंने सभी दस गुरूओं का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त कर लिया है।

श्री गोयल ने बताया कि सीआईए एजेंट अरविंद केजरीवाल, दिल्ली और पंजाब को लूटकर सिर्फ अपना शीश महल बनाने में ही तत्पर नहीं है बल्कि शराब घोटाले में जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपका हुआ है। अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाने का स्वप्न देखने वाला केजरीवाल जेल के अंदर से ही दिल्ली की सरकार चलाने में आमादा है। केजरीवाल के षड़यंत्रों की सभी एजेंसियों द्वारा जांच की मांग करने वाला ज्ञापन पत्र भी वहां उपस्थित सभी महानुभवों को बांटा गया। सुनाम को और ज्यादा विकसित व सभी सुविधाओं से परिपूर्ण करने के लिए शीघ्र ही भविष्य में सभी वर्गों की एक बैठक में सम्मिलित होने का आश्वासन भी श्री गोयल ने दिया। भारत का रुतबा किस तरह से आज विश्व देख रहा है यह सब मोदी जी की ही मेहरबानी है। श्री गोयल ने कहा कि आज 102 सीटों पर लोकसभा के चुनाव हुए हैं, उन क्षेत्रों से प्राप्त जानकारियों से ऐसा अनुभव हो रहा है कि देश की जनता, मोदी जी को, तीसरी बार 400 पार के साथ प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। पंजाब के सभी राष्ट्रभक्त देशवासी भी पंजाब की 13 की 13 सीट मोदी जी को देकर 2047 के विकसित भारत व भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने में अपना वोट के माध्यम से अपनी आहूती डालकर, लोकतंत्र के इस महायज्ञ में जरूर शामिल हागें। इस अवसर पर श्री महेन्द्र मनचंदा, श्री अतुल राय, श्री रविन्द्र गोयल, श्री सुरेन्द्र जैन, श्री मनोज बंसल, श्री चन्द्रप्रकाश, श्री शिव कुमार जैन आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। मोटरसाइकिल को आसानी से खोलकर उसे चोरी करने वाले दो शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 14 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। साथ ही चार मास्टर चाबी भी जब्त की गई है। जिससे यह पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल या स्कूटी को आसानी से चोरी करके फरार हो जाते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपित पहले से कई मामलों में शामिल रहे हैं। जिसमें हत्या के प्रयास, लूट, स्नैचिंग, चोरी आर्म्स एक्ट और एक्साइज के मामले शामिल हैं। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ जॉय तिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सिद्धांत उर्फ सिद्धू, विजय उर्फ विक्की के रूप में हुई है। यह दोनों ही मंडोली और करावल नगर के रहने वाले हैं। जबकि इनके तीसरे साथी की पहचान शुभम के रूप में हुई है, यह भी करावल नगर के शिव विहार का रहने वाला है। पुलिस शुभम की तलाश कर रही है। पुलिस ने कुल 11 मोटरसाइकिल और तीन स्कूटी इनसे बरामद की है। जो दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग थाना इलाकों से इन्होंने चुराया था।

